# COE-GDC SANJAULI, SHIMLA-6

## 7 HP (I) COY NCC

## “DHAROHAR” AAZADI KA AMRIT MAHOTSAV

## (02 APR 2022)



शिमला के कोटशेरा कॉलेज में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीआर गार्गी का स्वागत करते अध्यापक। इस दौरान उन्होंने कैडेटों को संबोधित किया। अमर उजाला

### कोटशेरा कॉलेज में एनसीसी का धरोहर कार्यक्रम आयोजित

**शिमला।** राजीव गांधी महाविद्यालय कोटशेरा में संजौली और कोटशेरा कॉलेज के एनएससी कैडेटों ने अमृत महोत्सव के तहत धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में 7 एचपी (आई) कंपनी के कमांडिंग ऑफिसर डीआर गार्गी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कोटशेरा कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. अनुपमा गर्ग और संजौली कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सीबी मेहता कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। एनसीसी कैडेटों ने कमांडिंग ऑफिसर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कैडेटों ने इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. जेपी शर्मा और संजौली कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. पूनम वर्मा ने स्वागत भाषण के साथ एनसीसी की गतिविधियों की जानकारी दी। डीआर गार्गी ने कैडेटों को सेना में आफिसर बनने के लिए प्रेरित किया। ब्यूरो



जागरण सिटी शिमला/सोलन/सिरमौर

### सेना में अधिकारी बनने के लिए एनसीसी कैडेट्स में भरा जोश

राष्ट्र सुरक्षा व मानव सेवा में दें सर्वश्रेष्ठ योगदान : कर्नल डीआर गार्गी

जागरण संवाददाता, शिमला : 7 एचपी (आइ) कंपनी एनसीसी शिमला के तत्वावधान में राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. जेपी शर्मा और संजौली कालेज से एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. पूर्णिमा वर्मा की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 7 एचपी (आइ) कंपनी-एनसीसी की ओर से कमांडिंग आफिसर कर्नल डीआर गार्गी ने बतौर विशिष्ट मुख्यातिथि शिरकत की। राजीव गांधी कालेज प्राचार्य डा. अनुपमा गर्ग और संजौली कॉलेज के प्राचार्य डा. सीबी मेहता कार्यक्रम में विशेष अतिथि थे।

कमांडिंग आफिसर कर्नल डीआर गार्गी ने एनसीसी कैडेट्स में सेना में अधिकारी बनने के लिए जोश भरा। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स भारतीय सेना में अधिकारी बनकर राष्ट्र सुरक्षा, समाजसेवा और मानव सेवा में सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। भारतीय सेना हर समय संकट के बीच अपनी परवाह किए बिना दुश्मनों से लड़ती है। उन्होंने भारतीय सेना के जवानों व अधिकारियों की विभिन्न युद्धों और आतंकवाद से निपटने में उनके शौर्य की गाथा बताई।


कार्यक्रम में राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान, संजौली कालेज व एपीजी शिमला विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। एनसीसी कैडेट्स ने कर्नल डीआर गार्गी को गार्ड आफ आनर दिया व स्मृतिचिह्न भेंट किया गया।

कमांडिंग आफिसर कर्नल डीआर गार्गी को सम्मानित करती कोटशेरा कालेज की प्राचार्य • जागरण

**उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 21 मेधावी छात्राएं सम्मानित**

संवाद सूत्र, दाड़लाघाट : राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रोत्साहित करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें एसएमसी प्रधान नीम चंद ठाकुर, पंचायत उपप्रधान मदन लाल शर्मा व प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान 21 मेधावी छात्राओं को वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज को बदलने में बेटियों के अमूल्य योगदान का संदेश भी दिया गया।








7 HP (I) COY NCC SHIMLA
Celebrate
"Dharohar"
आज़ादी का
अमृत महोत्सव








PARKING
STAFF
ONLY